# तेज रफ्तार स्कॉर्पियो पलटने से युवक-युवती की मौत

## जयपुर-अजमेर हाईवे पर गुरूवार देर रात हुआ दर्दनाक हादसा

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । जयपुर-अजमेर हाईवे पर बगरू थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवक और युवती की मौत हो गई, जबकि एक युवक घायल हो गया। हादसा इतना भीषण था कि बारिश के पानी में तेज रफ्तार से दौड़ रही स्कॉर्पियो कार अनियंत्रित होकर तीन बार पलटी खाते हुए डिवाइडर से जा टकराई।

हादसे में मृतकों की पहचान अमन मान (21), निवासी श्रीमाधोपुर (सीकर) और रेवती (24), निवासी डूंगरगढ़ (बीकानेर) के रूप में हुई है। वहीं नितेश (24), निवासी झाड़ली (सीकर) घायल हो गया, जिसका उपचार जारी है।

■ **प्रारंभिक पुलिस जांच में स्कॉर्पियो से शराब की बोतल मिलने की बात सामने आई है।**

हैड कांस्टेबल भंवरलाल के अनुसार हादसा बगरू स्थित बड़ के बालाजी के पास रात करीब 2 बजे हुआ। हेड कांस्टेबल अंजनी जांगिड़ ने बताया कि बारिश के दौरान स्कॉर्पियो की गति 100 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक थी। सड़क पर जमा पानी में तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित हो गई। ब्रेक लगाने के दौरान कार पलट गई और तीन बार पलटी खाते हुए डिवाइडर की रेलिंग पर चढ़कर रुक गई। हादसे में कार के साइड शीशे टूट गए। पुलिस के अनुसार सीट बेल्ट नहीं लगाने के कारण युवती रेवती कार से बाहर जा गिरी, जबकि कार चला रहा अमन स्टेयरिंग और सीट के बीच फंस गया। पीछे की सीट पर बैठा नितेश बेहोशी की हालत में मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने मशक्कत के बाद तीनों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने अमन और रेवती को मृत घोषित कर दिया।

पुलिस की प्रारंभिक जांच में दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो से शराब की बोतल मिलने की बात सामने आई है। इससे हादसे के समय शराब सेवन की आशंका जताई जा रही है। हालांकि पुलिस का कहना है कि मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद ही इसकी पुष्टि हो सकेगी। पुलिस के अनुसार कार नितेश के चाचा की थी। तीनों युवक-युवती सिरसी रोड क्षेत्र से देर रात घूमने निकले थे। बगरू पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद दोनों शव परिजनों को सौंप दिए हैं और मामले की जांच की जा रही है। मृतक अमन मानसरोवर में किराए पर रहकर पढ़ाई कर रहा था, जबकि रेवती मानसरोवर स्थित एक पीजी में रहकर राजस्थान पुलिस सब-इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रही थी।

## सहकारिता की योजनाओं में तेजी लाने के निर्देश

**जयपुर** । सहकारिता रजिस्ट्रार एवं शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने और लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। नेहरू सहकार भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई बैठक में मुख्य प्रदर्शन संकेतकों (केपीआई) के आधार पर संभाग व जिलों की प्रगति की समीक्षा की गई। संभाग स्तर पर उदयपुर प्रथम और जयपुर द्वितीय, जबकि जिला स्तर पर टोंक प्रथम और सीकर द्वितीय रहे। बैठक में 'सहकार से समृद्धि' अभियान के तहत गोदाम निर्माण, भूमि आवंटन, निष्क्रिय गोदामों के उपयोग, कस्टम हायरिंग सेंटर, ई-पैक्स तथा डेयरी समितियों की प्रगति की समीक्षा की गई। डॉ. शर्मा ने कहा कि गोदाम निर्माण केवल लक्ष्य पूर्ति तक सीमित न रहे, बल्कि उनका प्रभावी उपयोग भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने लंबित प्रकरणों, लेखा परीक्षण, ई-फाइलों, न्यायालयीन मामलों और मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।

# फॉर्च्यूनर सवार युवकों पर गोलियां बरसाने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

## बदमाशों ने पिछले दिनों किया था जानलेवा हमला

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । दौलतपुरा थाना क्षेत्र में फॉर्च्यूनर सवार युवकों पर जानलेवा फायरिंग करने वाले बदमाशों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फायरिंग गैंग का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने वारदात में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर फायरिंग करना स्वीकार किया है। पुलिस अब फरार साथी, वारदात में इस्तेमाल हथियार, वाहन और हथियार उपलब्ध कराने वाले नेटवर्क की तलाश में जुटी है।

**दौलतपुरा थाना पुलिस ने फायरिंग कर जानलेवा हमला करने वाले 2 बदमाशों को गिरफ्तार किया।**

जयपुर पश्चिम पुलिस उपायुक्त प्रशांत किरण ने बताया कि 3 अगस्त को परिवादी राजेंद्र मीणा ने दौलतपुरा थाने में फायरिंग की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। परिवादी के अनुसार वह अपने साथी रविंद्र मीणा उर्फ राजवीर के साथ फॉर्च्यूनर से जा रहा था। लक्की पंजाबी ढाबे के पास साथी को उतारने के लिए रुकने के दौरान मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवकों ने जान से मारने की नीयत से उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। वारदात के बाद आरोपी बाइक से फरार हो गए।

दिनदहाड़े हुई फायरिंग के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की तलाश शुरू की। पुलिस टीमों ने घटनास्थल और आसपास के क्षेत्रों में लगे 100 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। तकनीकी विश्लेषण और संदिग्धों की जानकारी जुटाने के साथ पुलिस ने करीब 50 लोगों से पूछताछ की। लगातार जांच के बाद पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उन्होंने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर फायरिंग की वारदात करना स्वीकार कर लिया। इसके बाद नितेश कुमार मीणा (26) निवासी बाड़ी सदर जिला धौलपुर और अनिल कुमार मीणा उर्फ सुख्खा (23) निवासी बसेड़ी जिला धौलपुर को गिरफ्तार किया गया।

■ **पुलिस अब फरार आरोपियों, वारदात में इस्तेमाल हथियार, वाहन और हथियार उपलब्ध कराने वाले नेटवर्क की तलाश में जुटी है।**

पुलिस जांच में सामने आया कि दोनों आरोपियों का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड है। नितेश मीणा के खिलाफ बाड़ी सदर और हिंडौन सदर सहित विभिन्न थानों में मारपीट, लूट, हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट के मामले दर्ज हैं। वहीं अनिल उर्फ सुख्खा के खिलाफ नादनपुर और विश्वकर्मा थाने में मारपीट, हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट के प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर फायरिंग के कारणों, वारदात में शामिल अन्य लोगों और हथियारों के स्त्रोत का पता लगा रही है। फरार साथी और अवैध हथियार उपलब्ध कराने वाले नेटवर्क की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

# संविदा नर्सिंगकर्मियों का उग्र प्रदर्शन

## जयपुरिया अस्पताल की 90 फीट ऊंची टंकी पर चढ़े तीन कर्मचारी

**जयपुर( कासं )**। अपनी मांगों को लेकर संविदा नर्सिंगकर्मियों ने शुक्रवार को जयपुरिया अस्पताल परिसर में उग्र प्रदर्शन किया। एक महिला सहित तीन संविदा नर्सिंगकर्मी अस्पताल परिसर स्थित करीब 90 फीट ऊंची पानी की टंकी पर चढ़ गए और भर्ती प्रक्रिया की मांग को लेकर नीचे उतरने से इनकार कर दिया। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि राज्य सरकार जल्द से जल्द नर्सिंग ऑफिसर के 12 हजार और एएनएम के 7 हजार पदों पर भर्ती जारी करे तथा भर्ती प्रक्रिया मेरिट और बोनस अंक के आधार पर की जाए।

जानकारी के अनुसार संविदा नर्सिंगकर्मी विमल शर्मा (32), रॉबिन शर्मा (28) और संजीता चौधरी (30) शुक्रवार तड़के करीब 3:40 बजे जयपुरिया अस्पताल परिसर की पानी की टंकी पर चढ़े थे। दिनभर हुई तेज बारिश के बावजूद तीनों अपनी मांगों पर अड़े रहे और नीचे उतरने से मना कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद दोपहर में बड़ी संख्या में अन्य संविदा नर्सिंगकर्मी भी उनके समर्थन में जयपुरिया अस्पताल पहुंच गए और प्रदर्शन शुरू कर दिया।

वहीं इस मामले की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन और सिविल डिफेंस की टीम मौके पर पहुंच गई। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए टंकी के नीचे सुरक्षा जाल लगाया गया है। पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर उन्हें सुरक्षित नीचे उतारने के प्रयास शुरू किए। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने टंकी के आसपास जमा हुए समर्थक नर्सिंगकर्मियों को नियंत्रित कर उन्हें कुछ दूरी पर कर दिया।

टंकी पर चढ़े नर्सिंगकर्मियों का कहना है कि वे पिछले दो वर्षों से सरकार, मंत्रियों और अधिकारियों के समक्ष अपनी मांगें रख रहे हैं, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ।

उन्होंने आरोप लगाया कि संविदा कर्मचारी लंबे समय से कम वेतन पर सेवाएं दे रहे हैं और नियमित कर्मचारियों की तरह काम करने के बावजूद उन्हें स्थायी नियुक्ति का लाभ नहीं मिल पा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि आर्थिक और मानसिक परेशानियों के कारण उन्हें यह कदम उठाने के लिए मजबूर होना पड़ा। फिलहाल प्रशासन और प्रदर्शनकारियों के बीच बातचीत जारी है।

## नगरीय निकाय चुनावों के लिए प्रत्याशियों की खर्च सीमा तय

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । प्रदेश में आगामी नगरीय निकाय (नगर निगम, नगर परिषद और नगर पालिका) चुनाव में प्रत्याशियों के लिए चुनाव खर्च की सीमा तय कर दी गई है। इस बार नगर निगम और नगर परिषद् के पार्षद प्रत्याशियों के लिए चुनावी खर्च सीमा 1-1 लाख रुपए बढ़ाई गई है, जबकि नगर पालिका के पार्षद उम्मीदवारों के लिए 50 हजार रुपए की खर्च सीमा राशि में वृद्धि की गई है। इसके साथ ही चुनाव लडने वाले प्रत्याशियों की गाड़ियों की संख्या भी निर्धारित कर दी गई है।

आयोग की ओर से जारी गाइडलाइन के मुताबिक, नगर निगम में पार्षद प्रत्याशी अब 2.5 लाख रुपए के बजाय 3.5 लाख रुपए चुनाव में खर्च कर सकेंगे। जबकि नगर परिषद के प्रत्याशी भी 1.50 लाख रुपए के बजाय इस बार 2.50 लाख रुपए तक खर्च कर सकेंगे। वहीं नगर पालिकाओं के पार्षद उम्मीदवार अब 1 लाख रुपए के बजाय डेढ़ लाख रुपए चुनाव प्रचार में खर्च कर सकेंगे।

आयोग की गाइडलाइन के मुताबिक, मतदान (वोटिंग) वाले दिन अगर कोई प्रत्याशी गाड़ी का उपयोग करना चाहता है, तो उसे इसके लिए अलग से अनुमति लेनी होगी। चुनाव कार्यालय (ऑफिस) पर लाउड स्पीकर लगाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध (बैन) रहेगा। राज्य निर्वाचन आयोग ने चुनाव में होने वाले खर्च के लिए सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को बजट का भी आवंटन कर दिया है। प्रदेश के 10 नगर निगमों में चुनाव के दौरान चुनाव कर्मचारियों के के लिए आयोग ने सभी निर्वाचन अधिकारियों को कुल 10.31 करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया है। नगर पालिकाओं और नगर परिषदों के चुनाव के लिए 19.33 करोड़ रुपए का बजट दिया गया है। आयोग ने प्रत्याशियों के चुनाव लड़ने के लिए जो गाइडलाइन जारी की है, उसमें हर प्रत्याशी को चुनाव परिणाम आने के 15 दिन बाद हर हाल में चुनाव खर्च का ब्यौरा देने के लिए कहा है।

## श्री विष्णु गायत्री महायज्ञ कल

**जयपुर** । श्रावण मास के कृष्ण पक्ष की कामिका एकादशी रविवार को छोटी काशी जयपुर के मंदिरों में विशेष धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर श्रद्धालु व्रत रखकर भगवान श्री हरि विष्णु की पूजा-अर्चना करेंगे। कामिका एकादशी के पावन अवसर पर आराध्य देव श्री गोविंद देवजी मंदिर में सुबह 8 बजे से नि:शुल्क श्री विष्णु गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। यज्ञ में शामिल होने वाले सभी श्रद्धालुओं को आहुतियां प्रदान करने का अवसर मिलेगा। इसके लिए किसी भी श्रद्धालु को अपने साथ पूजन सामग्री लाने की आवश्यकता नहीं है। इस धार्मिक महायज्ञ का संचालन गायत्री शक्तिपीठ, ब्रह्मपुरी की टोली द्वारा संपन्न कराया जाएगा।

## सार-समाचार

### 8-9 अगस्त को एआईबीओए का राष्ट्रीय अधिवेशन केरल के त्रिवेंद्रम में होगा

सूरज भान सिंह आमेरा

**जयपुर** (कासं)। ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन (एआईबीओए) का नौवां राष्ट्रीय अधिवेशन 8-9 अगस्त को त्रिवेंद्रम, केरल में आयोजित होगा। अधिवेशन में देशभर के वाणिज्यिक, सहकारी, ग्रामीण एवं निजी बैंकों के करीब 1500 अधिकारी प्रतिनिधि शामिल होंगे। एआईबीओए के राजस्थान महासचिव नरेश शर्मा ने बताया कि राजस्थान से सहकारी बैंकों का प्रतिनिधित्व संयुक्त सचिव एवं सहकार नेता सूरज भान सिंह आमेरा करेंगे। राजस्थान से अन्य बैंकों के 18 अधिकारी प्रतिनिधि भी अधिवेशन में शामिल होंगे। आमेरा के अनुसार अधिवेशन में पांच दिवसीय कार्य सप्ताह, अधिकारियों के निर्धारित कार्य घंटे, गैर-बैंकिंग कार्यों से राहत, थर्ड पार्टी उत्पादों की गलत बिक्री पर रोक, बैंक निजीकरण पर रोक, पेंशन व्यवस्था सहित सहकारी बैंकों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। सहकारी बैंकों में दो-स्तरीय बैंकिंग व्यवस्था, नेट बैंकिंग व व्यवसाय विस्तार के मापदंडों में बदलाव तथा प्रबंध निदेशक पद के लिए 'फिट एंड प्रॉपर' नीति लागू करने के मुद्दे भी प्रमुख रहेंगे।

### चोट के कारण शारीरिक दक्षता टेस्ट में शामिल होने में असमर्थ अभ्यर्थियों को राहत

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने उप निरीक्षक, प्लाटून कमांडर संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा-2025 में चोट के चलते शारीरिक दक्षता टेस्ट में शामिल नहीं हो पाने वाले अभ्यर्थियों को अंतरिम राहत दी है। हाईकोर्ट ने कहा है कि याचिका लंबित रहने के दौरान प्रार्थी के अधिकार सुरक्षित रहेंगे तथा उसके खिलाफ कोई प्रतिकूल निर्णय नहीं लें। वहीं मामले में राज्य सरकार, राजस्थान लोक सेवा आयोग व पुलिस विभाग से जवाब मांगते हुए सुनवाई 14 अगस्त को रखी है। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने यह आदेश दिनेश कुमार व अन्य की याचिका पर दिए। याचिका में अधिवक्ता प्रेमचंद देवंदा व अभिषेक देवंदा ने बताया कि प्रार्थी लिखित परीक्षा के बाद शारीरिक दक्षता टेस्ट के लिए पात्र घोषित हुए, लेकिन दौड़ और लंबी कूद का अभ्यास करते समय उसके घुटने में गंभीर चोट आ गई। चिकित्सक ने उसे दौड़ने, कूदने और अन्य शारीरिक गतिविधियों से बचने की सलाह दी है। उसे शारीरिक दक्षता परीक्षा का एडमिट कार्ड जारी हो गया है, लेकिन तय तिथि पर दौड़ और लंबी कूद में भाग लेना जोखिमपूर्ण हो सकता है। इसलिए स्वस्थ होने के बाद उसे समान मापदंडों के अनुसार टेस्ट में शामिल होने का मौका दें। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने याचिकाकर्ताओं को राहत दी है।

### बीएसएनएल टीमों को दिए इलेक्ट्रिक वाहन

**जयपुर** । अमेण्डेड भारतनेट परियोजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट कनेक्टिविटी मजबूत करने के लिए बीएसएनएल राजस्थान ने ऑपरेशन एवं मेंटेनेंस कार्यों के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों को रवाना किया। मुख्य महाप्रबंधक विक्रम मालवीय ने हरी झंडी दिखाकर वाहनों को निर्धारित कार्यक्षेत्रों के लिए रवाना किया। इन वाहनों का उपयोग फॉल्ट रिपेयर टीमें ग्रामीण क्षेत्रों में ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क की तकनीकी खराबियों को जल्द दूर करने में करेंगी। करीब 35 टीमों को आधुनिक टेस्टिंग एवं मेजरिंग किट भी उपलब्ध कराई गईं। मालवीय ने कहा कि बीएसएनएल राजस्थान की सभी ग्राम पंचायतों को ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क से जोड़ने के लिए युद्धस्तर पर कार्य कर रहा है। परियोजना से ग्रामीण क्षेत्रों में तेज एवं विश्वसनीय इंटरनेट के साथ डिजिटल शिक्षा, ई-गवर्नेंस, ऑनलाइन स्वास्थ्य सेवाओं और डिजिटल भुगतान को बढ़ावा मिलेगा।

### स्तनपान को जन-आंदोलन बनाने का संकल्प

**जयपुर** । विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने यूनिसेफ और प्रमुख चिकित्सा संस्थाओं के साथ मिलकर स्तनपान को जन-आंदोलन बनाने का संकल्प लिया। प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने कहा कि मां का दूध नवजात के लिए सर्वोत्तम आहार है और स्वस्थ जीवन की मजबूत नींव रखता है। शासन सचिवालय में आयोजित बैठक में विशेषज्ञों ने कहा कि स्तनपान शिशु के पोषण, रोग प्रतिरोधक क्षमता और मानसिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। इससे कुपोषण, संक्रमण और बाल मृत्यु के जोखिम को कम करने में मदद मिलती है। राठौड़ ने कहा कि जन्म के एक घंटे के भीतर स्तनपान शुरू, छह माह तक केवल मां का दूध और इसके बाद पूरक आहार के साथ दो वर्ष या उससे अधिक समय तक स्तनपान जारी रखना चाहिए। उन्होंने चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों को नवप्रसूताओं की नियमित काउंसलिंग कर स्तनपान के लाभों की जानकारी देने के निर्देश दिए।

# तेज बारिश के बीच हवामहल व सिटी पैलेस घूमने पहुंचे ब्रिक्स प्रतिनिधि

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर में "ब्रिक्स" मीटिंग में हिस्सा लेने विभिन्न देशों ब्राजील, ईरान, चीन, इथोपिया और भारत के उद्योग जगत के प्रतिनिधि पिंकसिटी आए हुए हैं। शुक्रवार को पांच देशों के प्रतिनिधियों ने शुक्रवार को तेज बारिश के बीच गुलाबी नगरी के हैरिटेज जगहों पर विजिट की। बारिश के बावजूद प्रतिनिधियों ने पहले सिटी पैलेस का भ्रमण किया। इसके बाद हवामहल पहुंचकर जयपुर की ऐतिहासिक धरोहर को करीब से जाना।

इस मौके पर ब्राजील के एक डेलीगेट ने कहा कि, अगर हवामहल नहीं आते तो बहुत मिस करते। सिटी पैलेस में बने भव्य दरवाजे खास तौर पर प्रीतम चौक के चारों ओर बने चार दरवाजे देख मेहमान आकर्षित हुए। प्रतिनिधियों ने सिटी पैलेस परिसर के विभिन्न हिस्सों का भ्रमण किया। यहां की स्थापत्य शैली, कलाकृतियों, दरवाजों और उनसे जुड़ी ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं के बारे में जानकारी ली।

हवामहल पर डेलीगेट्स का ऑफिशियल फोटो शूट भी हुआ। वहीं तेज बारिश में भी हवामहल देखने को लेकर मेहमानों का उत्साह चरम पर रहा। सिटी पैलेस में पर्यटक गाइड मदन सिंह राजपुरा ने प्रतिनिधियों को दरवाजों पर बनी गणेश और मोर की आकृतियों के सांस्कृतिक महत्व के बारे में बताया। उन्होंने समझाया कि भारतीय संस्कृति में घरों के प्रवेश द्वार पर भगवान गणेश की उपस्थिति शुभ मानी जाती है। वहीं मोर भारत की सांस्कृतिक पहचान और गौरव का महत्वपूर्ण प्रतीक है।

**ब्रिक्स प्रतिनिधियों ने शुक्रवार को जयपुर में बारिश के बीच ही हवामहल और सिटी पैलेस का भ्रमण किया। इस दौरान हवामहल के सामने फोटो की खिंचवाई।**

सिटी पैलेस के बाद प्रतिनिधिमंडल हवामहल पहुंचा। इस दौरान जयपुर में तेज बारिश हो रही थी, लेकिन विदेशी मेहमानों ने मौसम की परवाह किए बिना ऐतिहासिक स्मारक देखने का उत्साह बनाए रखा। हालांकि बारिश तेज होने के कारण प्रतिनिधियों का हवामहल पूरा नहीं घूम सके। हालांकि यहां मुख्य रूप से फोटो सैशन किया गया।

## फुलेरा में रेलवे की संरक्षा संगोष्ठी

**जयपुर**। उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ की जयपुर मंडल की फुलेरा शाखा के तत्वावधान में रेलवे कॉलोनी स्थित सामुदायिक भवन में संरक्षा संगोष्ठी आयोजित की गई।

संगोष्ठी की अध्यक्षता संघ के जोनल महामंत्री विनोद मेहता ने की, जबकि मंडल रेल प्रबंधक रवि जैन मुख्य अतिथि रहे। रवि जैन ने कहा कि सुरक्षित ट्रेन संचालन और दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए कर्मचारियों में लगातार जागरूकता जरूरी है।

जोनल महामंत्री विनोद मेहता ने आधुनिक ट्रेन सुरक्षा प्रणालियों, जोखिम प्रबंधन, सिग्नल नियमों, गति सीमा और सतर्कता आदेशों के पालन पर जोर दिया।

सीनियर मंडल सेफ्टी ऑफिसर मनमोहन मीणा ने कहा कि जयपुर मंडल में किसी कर्मचारी के साथ अनहोनी न हो, इसके लिए समय-समय पर संरक्षा संगोष्ठियां आयोजित की जाती हैं। इस दौरान कर्मचारियों ने विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याएं भी अधिकारियों के समक्ष रखीं। संघ पदाधिकारियों ने समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन के साथ वार्ता करने का आश्वासन दिया।

# राज्य निर्वाचन आयुक्त ने युवा मतदाताओं से किया संवाद

**श्रीराधा गोविंद राजकीय महाविद्यालय में शुक्रवार को युवा मतदाता संवाद को राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने संबोधित किया।**

**जयपुर** (कासं)। श्रीराधा गोविंद राजकीय महाविद्यालय में शुक्रवार को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत युवा मतदाता संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ। राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए मतदान के अधिकार, दायित्व और लोकतंत्र में युवाओं की भूमिका पर जोर दिया।

उन्होंने युवाओं से निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर मतदान करने तथा अन्य नागरिकों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों का चयन जाति और धर्म के आधार पर नहीं, बल्कि उनके व्यक्तित्व, कर्तव्यनिष्ठा, चरित्र और विकासोन्मुख कार्यों को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए। प्रश्नोत्तर सत्र में विद्यार्थियों ने निर्वाचन आयोग की भूमिका, चुनावी खर्च, उम्मीदवारों की उम्र व शिक्षा, छात्रसंघ चुनाव, जातिवाद और परिवारवाद सहित विभिन्न विषयों पर सवाल किए, जिनका आयुक्त ने जवाब दिया। महाविद्यालय निर्वाचन साक्षरता क्लब की प्रभारी प्रो. नीलम शर्मा ने मतदाता जागरूकता से जुड़ी आगामी गतिविधियों की जानकारी दी। प्राचार्य प्रो. लोकेश शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# स्वास्थ्य क्षेत्र में पी.पी.पी. मॉडल के प्रभावी क्रियान्वयन पर उच्चस्तरीय मंथन किया

## राजस्थान में आधुनिक स्वास्थ्य अवसंरचना के विकास के लिए निजी क्षेत्र की विशेषज्ञता और निवेश का लाभ लेने पर जोर

**जयपुर** (कासं)। भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिव रोहित कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को नई दिल्ली में स्वास्थ्य क्षेत्र में सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में राजस्थान में आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए पीपीपी मॉडल की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में भाग लिया। राजस्थान की ओर से चिकित्सा शिक्षा विभाग के आयुक्त बाबूलाल गोयल, उप निदेशक डॉ. वंदना शर्मा, राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के ओएसडी डॉ. अजीत सिंह तथा वित्त विभाग की संयुक्त सचिव डॉ. भारती दीक्षित सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में बताया गया कि पीपीपी मॉडल के माध्यम से राज्य में मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल, मेडिकल कॉलेज, रेडियोलॉजी एवं पैथोलॉजी जांच केंद्र, डायलिसिस सेंटर, हृदय रोग उपचार सुविधाएं, टेलीमेडिसिन, चिकित्सा परिवहन तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया जा सकता है। इससे निजी क्षेत्र की विशेषज्ञता और निवेश का उपयोग करते हुए आमजन को आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

बैठक में भारत सरकार की व्यवहार्यता अंतर वित्त पोषण (वीजीएफ) तथा इंडिया इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट डेवलपमेंट फंड (आईआईपीडीएफ) योजनाओं की जानकारी भी दी गई। इनके माध्यम से स्वास्थ्य क्षेत्र की पीपीपी परियोजनाओं को वित्तीय और तकनीकी सहायता उपलब्ध कराकर उन्हें अधिक व्यावहारिक एवं मजबूत बनाया जा सकता है।

इस दौरान उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, कर्नाटक और ओडिशा में पीपीपी मॉडल के तहत स्थापित मेडिकल कॉलेजों, आधुनिक जांच केंद्रों, हृदय रोग केंद्रों एवं अस्पतालों के सफल मॉडलों के अनुभव भी साझा किए गए। बैठक में राजस्थान की स्थानीय आवश्यकताओं और परिस्थितियों के अनुरूप पीपीपी मॉडल के विभिन्न विकल्पों का अध्ययन कर उन्हें चरणबद्ध तरीके से लागू करने की संभावनाओं पर भी विचार किया गया। अधिकारियों ने कहा कि इसका उद्देश्य प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार कर आमजन को आधुनिक, गुणवत्तापूर्ण और सुलभ चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

## जर्जर मकान तोड़ने के दौरान बिजली पोल पर गिरा मलबा

**जयपुर** । राजधानी जयपुर में एक दिन पहले हुए जर्जर घर को मकान मालकिन ने खुद ही तुड़वाना शुरू कर दिया। मकान में गुरुवार को दरारें आने से 8 परिवारों के करीब 40 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था।

मामला गलता गेट थाना क्षेत्र के मोहल्ला टिक्कीग्रान ईदगाह पांच नीम का है। वहीं नगर निगम ने मकान मालकिन रेहना सुल्ताना को नोटिस जारी किया था। निगम ने इस मकान को तोड़ने के लिए 12 लाख रुपए का खर्चा बताया था। इस पर मकान मालिक ने खुद शुक्रवार शाम से यह कवायद शुरू कर दी। इस दौरान आसपास क्षेत्र की बिजली बंद नहीं की गई थी। वहीं कार्रवाई के दौरान मकान का मलबा बिजली पोल पर गिर गया। इससे चिंगारियां निकली तो आसपास के लोग डर गए। मकान तोड़ने से पहले आसपास के घरों को एहतियातन खाली कराया गया। गलता गेट थाना पुलिस ने मकान के आसपास निकलने वाली तीनों गलियों में बैरिकेडिंग कर आवाजाही पूरी तरह रोक दी। पुलिस ने लोगों को बैरिकेड्स के आगे नहीं जाने की हिदायत दी और चेतावनी दी कि मकान कभी भी गिर सकता है। वहीं नगर निगम ने गुरुवार को मकान के जर्जर होने की सूचना मिलने के बाद नोटिस चस्पा किया था। जांच में मकान जर्जर अवस्था में मिला। निगम ने बताया कि मरम्मत संभव नहीं है, इसलिए मकान को तोड़ना ही एकमात्र विकल्प है। नगर निगम ने मकान मालिक को घर तोड़ने के लिए 12 लाख रुपए का अनुमानित खर्च बताया था।